एबीडीएम के तहत देश में दूसरा और मध्यप्रदेश में पहला स्थान, रोजाना करीब 10 हजार मरीजों का डिजिटल रजिस्ट्रेशन

एमजीएम मेडिकल कॉलेज की डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड में बड़ी उपलब्धि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत एमजीएम मेडिकल कॉलेज ने डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड तैयार करने के मामले में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज ने इस क्षेत्र में देश में दूसरा और मध्यप्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में बड़ी संख्या में

मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज किए जा रहे हैं। कॉलेज से जुड़े एमवाय अस्पताल, चाचा नेहरू अस्पताल, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, एमटीएच अस्पताल और कैंसर अस्पताल सहित अन्य संस्थानों में रोजाना करीब 10 हजार मरीजों का रजिस्ट्रेशन डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है।

डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका

डिजिटल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को गति देने में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका है। अस्पतालों में मरीजों के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से तैयार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य आयुक्त धनराजू एस ने भी करीब दो माह पहले इस व्यवस्था का निरीक्षण कर इसकी प्रगति की जानकारी ली थी।

देश के किसी भी अस्पताल में मिल सकेगा पुराना रिकॉर्ड : इस व्यवस्था के तहत मरीज का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी बनाया जाता है। इसके माध्यम से मरीज के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने की सुविधा मिलती है। भविष्य में मरीज देश के किसी भी अस्पताल में इलाज कराते समय अपने पुराने डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड का उपयोग कर सकेगा। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया, यह व्यवस्था मरीजों के लिए इलाज सुविधाजनक बनाने के साथ डॉक्टरों को मरीज की पुरानी मेडिकल हिस्ट्री समझने में भी मददगार साबित हो सकती है।

एक जगह सुरक्षित होगी मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य देश में मजबूत डिजिटल हेल्थ सिस्टम तैयार करना है। इसके तहत मरीज के मेडिकल रिकॉर्ड को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जा रही है। इसमें मरीज की बीमारी, डॉक्टर की सलाह, इलाज, दवाइयों और जांच से संबंधित जानकारी दर्ज की जा सकती है। फिलहाल मरीजों को अलग-अलग अस्पतालों में इलाज के दौरान पुराने पर्चे, जांच रिपोर्ट और दवाइयों के रिकॉर्ड संभालकर रखने पड़ते हैं। डिजिटल रिकॉर्ड बनने के बाद इन दस्तावेजों पर निर्भरता कम होगी और मरीज की जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध रह सकेगी।

संभागायुक्त ने ली कलेक्टर और जिपं सीईओ की बैठक

छात्रावासों में पढ़ाई के साथ अब बच्चों की पसंद के खेल भी होंगे

इंदौर. जनजातीय छात्रावासों में रहने वाले बच्चों की दिनचर्या अब केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहेगी। बच्चों की रुचि के अनुसार खेल और रचनात्मक गतिविधियां भी कराई जाएंगी। इसके लिए सभी जिलों को अलग-अलग कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने सोमवार को कलेक्टरों और जिला पंचायतों के सीईओ की बैठक में दिए। बैठक में शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की गई। पहली बार संभाग के जिलों के अधिकारी अपने मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में जुड़े।

संभागायुक्त ने शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और उपस्थिति सार्थक एप पर दर्ज कराने के निर्देश दिए। ड्रॉप बॉक्स और ड्रॉप आउट बच्चों की स्थिति की नए सिरे से समीक्षा करने को कहा गया। वहीं आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार और भोजन की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए।

राजस्व कोर्ट में सप्ताह में दो दिन बैठना होगा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि अभियान में लोगों को समाधान, सादगी और त्वरित सेवा का अनुभव मिलना चाहिए। खासकर राजस्व प्रकरणों में संबंधित गांव के मामलों का पहले से अध्ययन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नायब तहसीलदार से लेकर कलेक्टर स्तर तक के अधिकारियों को सप्ताह में कम से कम दो दिन न्यायालय/डायस पर बैठकर मामलों की सुनवाई और समीक्षा करने को कहा। औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं पर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। झाबुआ के मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषण और पानी में लाल पानी की मिलावट की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया।

तिरंगे के रंगों से सजीं रंगोलियां, महिलाओं ने दिया 'हर घर तिरंगा' का संदेश

इंदौर @ पत्रिका. स्वतंत्रता दिवस से पहले शहर और गांवों में तिरंगे को लेकर उत्साह नजर आने लगा है। इसी कड़ी में सांवेर विकासखंड में आजीविका मिशन से जुड़े स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने तिरंगे के रंगों से आकर्षक रंगोलियां बनाकर लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। महिलाओं ने अपने गांवों और आसपास के क्षेत्रों में रंगोलियां बनाईं। इनमें केसरिया, सफेद और हरे रंग के साथ तिरंगे को केंद्र में रखते हुए देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की झलक दिखाई गई। रंगोलियों के जरिए लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। आजीविका मिशन की महिला समूह सदस्यों का कहना है कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन-बान-शान और एकता का प्रतीक है।

आवेदन के बाद दस्तावेजों की स्क्रूटनी में लगेंगे करीब दो महीने

डीएवीवी में पांच साल बाद फैकल्टी भर्ती, पहले 94 पद थे, इस बार 13 पर ही प्रक्रिया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के टीचिंग विभागों में फैकल्टी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार पदों की संख्या पिछली भर्ती की तुलना में काफी कम है। विवि ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 13 पदों के लिए आवेदन बुलाए हैं। करीब पांच साल बाद शुरू हुई इस भर्ती प्रक्रिया के बाद विवि अगले चरण में लगभग 50 पदों पर भर्ती की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इन पदों की संख्या तय करने से पहले सभी टीचिंग विभागों में फैकल्टी की जरूरत का नए सिरे से आंकलन किया जाएगा।

मालूम हो, डीएवीवी में फैकल्टी भर्ती के लिए 2018 में 141 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। यह भर्ती प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी और शासन स्तर से इसे रद्द कर दिया गया। इसके बाद विवि ने करीब पांच साल पहले 94 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया, लेकिन केवल 42 पदों पर ही नियुक्तियां हो सकीं। लंबे अंतराल के बाद अब फिर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। फिलहाल 13 असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए आवेदन लिए जा चुके हैं। इनमें नियमित और बैकलॉग दोनों के पद शामिल हैं। आइएमएस, लाइफ साइंस, फिजिक्स, स्कूल ऑफ एजुकेशन, डेटा साइंस और बायोकेमिस्ट्री सहित कुछ विभागों में ये पद भरे जाएंगे। आवेदन के बाद अब अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की स्क्रूटनी में करीब दो महीने लगने की संभावना है। इसके बाद इंटरव्यू होंगे। ऐसे में इन पदों पर नियुक्तियां नवंबर-दिसंबर तक पूरी होने की उम्मीद है।

आगे 50 पदों पर भर्ती की तैयारी : मौजूदा भर्ती के बाद विवि सभी टीचिंग विभागों में खाली पदों की समीक्षा करेगा। इसमें विभागों में खाली पद, विद्यार्थियों की संख्या, कितनी कोर्स संचालित हो रहे और कितने शिक्षकों की जरूरत है, जैसी जानकारी जुटाई जाएगी। कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई के अनुसार, 13 पदों की भर्ती प्रक्रिया के बाद एक-एक विभाग की जरूरत तय होगी। इसी आधार पर अगले साल करीब 50 पदों पर नई भर्ती की तैयारी है। नई भर्ती में भी मुख्य रूप से असिस्टेंट प्रोफेसर के पद ही रखे जाएंगे।

प्रमोशन से बदली पदों की स्थिति : विवि प्रशासन का मानना है कि पिछले वर्षों में बड़ी संख्या में शिक्षकों को प्रमोशन मिला है। इससे प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर स्तर के कई पदों की स्थिति बदल चुकी है, इसलिए आने वाली भर्ती में इन पदों के बजाय असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों पर फोकस किया जाएगा।

नए विभागों से भी बढ़ेगी शिक्षकों की जरूरत

डीएवीवी में हाल में कुछ नए विभाग शुरू हुए हैं। स्कूल ऑफ एविएशन-टूरिज्म-हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, ट्राइबल स्टडीज और स्कूल ऑफ डिजाइन जैसे नए विभागों के साथ अगले साल स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर शुरू करने की भी तैयारी है। नए कोर्स शुरू होने के साथ संबंधित विषयों के शिक्षकों की जरूरत भी बढ़ेगी। विवि ने हाल ही में 10 विभागों को मर्ज कर पांच विभाग किए हैं। ऐसे में पुराने पदों के आधार पर भर्ती करने के बजाय विभागों की नई संरचना के अनुसार फैकल्टी की जरूरत तय की जाएगी।

डीएवीवी के 1525 अधिकारी-कर्मचारियों और शिक्षकों को मेडिक्लेम की सौगात

75 फीसदी प्रीमियम विवि देगा, 14 से पहले जमा होगी 1.18 करोड़ से अधिक की राशि

इंदौर. देवी अहिल्या विवि ने अपने अधिकारी-कर्मचारियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा फैसला लिया है। विवि के 1525 अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों और उनके परिवारों को मेडिक्लेम सुविधा देने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद ने मंजूरी दी है। खास बात यह है कि मेडिक्लेम की कुल प्रीमियम राशि का 75 प्रतिशत भुगतान विवि करेगा, जबकि बाकी 25 प्रतिशत राशि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षक स्वयं वहन करेंगे। मेडिक्लेम की प्रीमियम राशि 1 करोड़ 18 लाख रुपए से अधिक है।

प्रीमियम जमा करने की अंतिम तारीख 14 अगस्त होने के कारण विवि ने प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए कार्यपरिषद की विशेष बैठक सोमवार को ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई। कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई के अनुसार, डीएवीवी ने शहर के कुछ बड़े अस्पतालों से अनुबंध भी किए हैं। इसका उद्देश्य विवि के कर्मचारियों और उनके परिवारों को उचित और किफायती सुविधा उपलब्ध कराना है।

पिछली बैठक के फैसलों की भी समीक्षा : बैठक में अधिकांश कार्यपरिषद सदस्य ऑनलाइन जुड़े, जबकि कुछ सदस्य विवि परिसर पहुंचकर प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान पिछली कार्यपरिषद में अनुमोदित प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। इनमें लिए गए निर्णयों पर अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली गई।

बारिश की फुहारों के बीच ऐतिहासिक विरासत से रूबरू हुए 50 कर्मचारी

इंदौर @ पत्रिका. बारिश की रिमझिम फुहारें, हरे-भरे पहाड़ और सदियों पुरानी ऐतिहासिक इमारतें... ऐसे खुशनुमा माहौल में डीएवीवी के 50 कर्मचारी साथियों और उनके परिवारों ने दो दिन का ऐतिहासिक और धार्मिक भ्रमण किया। 8 और 9 अगस्त को आयोजित यात्रा में अशोकनगर और चंदेरी के धार्मिक स्थलों के साथ ऐतिहासिक धरोहरों को करीब से देखने और उनके बारे में जानने का मौका मिला। यह भ्रमण विवि की बहुउद्देशीय संस्था की ओर से वरिष्ठ कर्मचारी साथियों सुनील दुधाले, डॉ. लक्ष्मण शिंदे और हनुमंत सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यात्रा की शुरुआत अशोकनगर के पास स्थित करीला धाम से हुई। यहां कर्मचारियों ने विंध्याचल पर्वत श्रेणी में स्थित करीब 800 वर्ष पुराने ऐतिहासिक जानकी मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद टीम अशोकनगर पहुंची, जहां नवीन राधा रानी सरकार मंदिर के दर्शन किए। यात्रा के दूसरे दिन सभी चंदेरी पहुंचे। यहां ऐतिहासिक कटीघाटी, कोशिक महल, जागेश्वरी मंदिर, चंदेरी किला, जामा मस्जिद और बादल महल सहित कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया।

बिजनेस न्यूज

फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया के साथ नए दौर की शुरुआत

क्रिकेटर तिलक वर्मा की मौजूदगी में शुभारंभ

इंदौर. पॉपुलर शॉपिंग डेस्टिनेशन फीनिक्स सिटाडेल अब 'फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया' के नए नाम से जाना जाएगा। फीनिक्स मिल्स लिमिटेड ने अपने इस खास सेंटर के नए लुक और पहचान को सामने रखा है, जो इंदौर के लिए नए दौर की शुरुआत है। इस खास मौके पर भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा खास तौर पर मौजूद रहे।

भारत के फील और प्राइड को सेलिब्रेट करने वाले देश के पहले मॉल के रूप में तैयार 'फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया' में आपको शॉपिंग, आर्ट, कल्चर, कम्यूनिटी और एंटरटेनमेंट का बेहतरीन कॉम्बिनेशन मिलेगा। इसका मकसद एक ऐसी जगह तैयार करना है, जहां भारत की कहानियां और उसकी खूबसूरती करीब से महसूस की जा सके। यह नया लुक लोगों को आपस में जोड़ने और एक कल्चरल एक्सपीरियंस देने का काम करेगा। इस नई शुरुआत के साथ ही यहां भारत के साल भर चलने वाले सेलिब्रेशन की शुरुआत हो गई है। इसके लिए साल का स्पेशल कैलेंडर तैयार किया है, जिसमें अलग-अलग कल्चरल इवेंट्स, लाइव परफॉर्मेंस, कारीगरों के शो, लजीज फूड फेस्टिवल्स और कम्यूनिटी एक्टिविटीज शामिल हैं। इन इवेंट्स के जरिए भारत की समृद्ध विरासत को दिखाया जाएगा, जिसमें मप्र की खास परंपराओं, आर्ट और क्राफ्ट पर स्पेशल फोकस रहने वाला है। लॉन्च इवेंट के दौरान तिलक वर्मा ने लोकल एनजीओ के बच्चों से मुलाकात की। साथ ही फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया के नए नाम और पहचान का अनावरण भी किया। इस मौके पर सीनियर सेंटर डायरेक्टर, टीजी विनोद ने कहा, फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया हमारे इस सेंटर और पूरे देश, दोनों के लिए बेहद एक्साइटिंग नए सफर की शुरुआत है।

जीजाबाई कॉलेज की पूर्व छात्राओं की नई टीम घोषित

श्रेष्ठा गोयल अध्यक्ष

इंदौर @ पत्रिका. माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय (पुराना जीडीसी) की पूर्व छात्राओं के संगठन की नई टीम का गठन किया गया है। संगठन की कमान पूर्व छात्रा श्रेष्ठा गोयल को सर्वसम्मति से सौंपी गई है। कॉलेज से जुड़ी कई प्रतिष्ठित महिला हस्तियां भी संगठन को मार्गदर्शन दे रही हैं। इनमें पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, पूर्व मंत्री एवं सांसद रंजना बघेल, पूर्व अतिरिक्त संचालक किरण बाला सलूजा और बागेश्री जोशी शामिल हैं। पूर्व छात्रा संगठन की नई टीम में श्रेष्ठा गोयल अध्यक्ष, भक्ति चौरे उपाध्यक्ष, ममता खपेडिया सचिव और विशाखा विभूते सह सचिव बनाई गई हैं। वहीं मौलश्री कानुड़े कोषाध्यक्ष और ज्योति अलूने को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। मार्गदर्शक समिति में राखी शुक्ला, वंदना चौहान और सरोज महाजन को शामिल किया गया है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रेष्ठा गोयल ने कहा कि आने वाले दिनों में कॉलेज के विकास और छात्राओं के कौशल संवर्धन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इनमें पूर्व छात्राओं को जोड़कर उनके अनुभव, विशेषज्ञता और मार्गदर्शन का लाभ वर्तमान छात्राओं को दिलाने पर भी जोर रहेगा।

औद्योगिक क्षेत्रों में कवर्ड कंडक्टर से सुधरेगी बिजली आपूर्ति

इंदौर @ पत्रिका. मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर वृत्त ने पालदा औद्योगिक क्षेत्र और सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में कवर्ड कंडक्टर (तार) स्थापित करने का कार्य शुरू किया है। इन कवर्ड कंडक्टरों के लगने से औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाले फॉल्ट में व्यापक कमी आने की संभावना है। अब तक पालदा और सांवेर रोड के सेक्टर सी में स्थित चार फीडरों पर कुल 16 किमी कवर्ड कंडक्टर लगाए जा चुके हैं। कंपनी के अनुसार, अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी इसी तरह के कार्य प्रस्तावित हैं, जिससे शहर की विद्युत व्यवस्था अधिक सुचारु हो सकेगी।

आयुक्त ने मास्टर प्लान सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

इंदौर @ पत्रिका. आयुक्त क्षितिज सिंघल ने मास्टर प्लान सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। आयुक्त ने छावनी में निरीक्षण के दौरान जगन्नाथ धर्मशाला की ओर से भी रोड निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही यहां अमृत 2 से चल रहे सीवरेज कार्य में गति बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। मालवीय नगर में निर्माणाधीन सड़क के निरीक्षण के दौरान मालवीय नगर में दूसरी पट्टी का रोड निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए। जलप्रदाय के लिए सहायक यंत्री को कहा कि एक ओर के फुटपाथ पर डाली गई जल वितरण लाइन से कनेक्शन के कार्य का सत्यापन करें। सभी कनेक्शन का काम पूरा हो गया हो तो फुटपाथ निर्माण शुरू करें। मालवीय नगर में बोरिंग फुटपाथ पर होना प्रतीत होने पर बोरिंग का काम रुकवाकर जांच करने के निर्देश दिए।

Makhan Lal Chaturvedi Government Girls PG College, Khandwa (M.P.)

NIT No. 693/2026 Date: 07-08-2026

//e-TENDER NOTICE//

Makhan Lal Chaturvedi Government Girls PG College, Khandwa (M.P.)

Supply of Sports Items

Cost of tender document (Tender Fee 1000/-) is non-refundable and can not be exempted in any condition & must submit through website https://mptenders.gov.in/.
1. Bids shall be submitted online only at MP Tenders web site https://mptenders.gov.in/
2. Schedule.

Key dates

Published Date	10-08-2026 Time 17:30
Bid Document Download Start Date	10-08-2026 Time 18:00
Bid Submission Start Date	10-08-2026 Time 18:00
Bid Submission End Date	01-09-2026 Time 12:30
Bid Opening Date	03-09-2026 Time 12:00

S.NO	DESCRIPTION OF ITEMS	TENDER ID NO./DATE	TENDER END DATE TIME
01	Supply of Sports Items	2026_HED_528504_1	01-09-2026 Time 12:30

नोटः- और अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।
Dr. Vinay Jain, Principal
MLC Govt. Girls PG College, Khandwa (M.P.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
विद्युत विभाग
E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 25/26-27/ ई टेंडर C.E/E&M

निविदा सूचना

दिनांक: 10/08/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्र. जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026-UAD-528553 10-08-2026	इन्दौर नगर पालिक निगम के 60 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना से प्राप्त Environmental Attributes (I-REC/Carbon Credit आदि) के Registration, Issuance, Trading एवं Monetization हेतु प्राप्त EOI के आधार पर निविदा (RFP) संबंधी कार्य।	01 वर्ष	₹10,000/- ₹50,000/-	07.09.2026 5:30 PM

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर

Ujjian Municipal Corporation
Expression of Interest

Date: 08/08/2026

Tender No-2026_UAD_527917_1

Ujjain Municipal Corporation invites EOI from Banks, Financial Institutions, NBFCs, and other eligible entities for a long-term loan of ₹200 Cr for financing the purchase, transfer, utilisation and redevelopment of Transferable Development Rights (TDR)
The detailed EOI can be downloaded from **https://mptenders.gov.in/** and bids must be submitted online by 22/08/2026 (6 PM).

Additional Commissioner (Finance)
Ujjain Municipal Corporation

कार्यालय नगर परिषद करही-पाडल्या, जिला खरगोन (म.प्र.)

क्रमांक/ईटेण्डर/1480/लोकनिर्माण/2026 करही-पाडल्या, दिनांक 07.08.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा समस्त समक्ष श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित निर्माण कार्यों की निविदा ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

ई-टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व अमानत राशि रु.	निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय
2026_UAD_528137_1	CONSTRUCTION OF RCC SHEAD AT BHAWANI MATA MANDIR WARD NO 05	423240/- 01 Month	2000/- 4232	22-08-2026 5.30 PM

नोट :- उपरोक्त कार्य के Amendments केवल वेबसाईट पर ही Corrigendum/ addendum details अन्तर्गत प्रकाशित किये जावेंगे। अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर अथवा कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखे जा सकते है।

श्री नंदकिशोर खेडेकर
अध्यक्ष
नगर परिषद करही - पाडल्या खुर्द

(कमलेश गोले)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद करही - पाडल्या खुर्द

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है

पी.वाय. रोड शाखा इंदौर

QR CODE FOR SERVICE PROVIDER

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना दिनांक 16.09.2026 को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 (2002 की संख्या 54) के अंतर्गत बैंक को गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार हमारी शाखा में निम्नलिखित ऋण खातों में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा ले लिया है, जिन्हें बैंक के बकाया की वसूली के लिए ''जैसा है जहाँ है, जिस स्थिति में है और जो कुछ भी वहाँ मौजूद है'' बेचने का अधिकार है। बिक्री https://www.Baanknet.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

अचल संपत्ति का विवरण

क्र. सं.	शाखा / खाते / ऋणी / जमानतदारों के नाम	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	मांग सूचना दिनांक एवं बकाया राशि (रु.) +भविष्य में देय ब्याज एवं अन्य खर्च
	पी.वाय रोड शाखा इंदौर प्राधिकृत अधिकारी : नवा गोपाल, 9039170111			
1.	ऋणी- **मैसर्स किचन फूड्स** जमानतदार : श्री मनजीत सिंह भाटिया पुत्र देवेन्द्र सिंह भाटिया एवं श्रीमती पुनीत कौर भाटिया पत्नि मनजीत सिंह भाटिया	संपत्ति का समस्त भू भाग संपत्ति स्थित यूनिट नं. 308, तृतीय तल, सतगुरू परिणय बिल्डिंग स्थित प्लाट नं. 05, स्कीम 54, इंदौर जिला इंदौर (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- उत्तर- एमओएस बिल्डिंग, पूर्व- एमओएस बिल्डिंग, दक्षिण- कॉमन पैसेज, पश्चिम- यूनिट नं. 307 कब्जे का प्रकार - सांकेतिक	₹ 2,75,58,000/- ₹ 27,55,800/- ₹ 2,80,000/-	दिनांक : 29.04.2026 ₹ 5,01,23,298.80/- +दिनांक 01.04.2026 से भविष्य में देय ब्याज एवं अन्य खर्च Qr Code For Property Image/video Qr Code For Property Location

संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय : 14.09.2026 (सुबह 10.00 से दोपहर 3.00 बजे तक)
ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने की दिनांक 15.09.2026 दोपहर 6.00 बजे तक

बोलीदाताओं द्वारा ईएमडी को ई-नीलामी पोर्टल अर्थात www.Baanknet.com/ पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में एनईएफटी के माध्यम से स्थानांतरित किया जाएगा।
खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के बाद शेष राशि एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है:, खाते का नाम-एनईएफटी पार्किंग खाता; खाता संख्या-80215040070003; आईएफएस कोड- PSIB0008021
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://punjabandsindbank.co.in/module/sarfaesi-list & https://www.Baanknet.com देखें
इस नोटिस को नियम 8(6) प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), नियम 2002 के तहत ऋणियों एवं जमानतदारों (एल/आर) को 30 दिनों की वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।

दिनांक : 11.08.2026 स्थान- इंदौर प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक